कार्यालय परिवहन आयुक्त, उत्तराखण्ड,
कुल्हान, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून।

संख्या 69 /अधिष्ठान/दो–29/2023 दिनांक 04 जनवरी, 2023

1– समस्त सम्भागीय परिवहन अधिकारी,
उत्तराखण्ड।

2– समस्त सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी,
उत्तराखण्ड।

विषयः–दुपहिया वाहन आधारित प्रवर्तन दलों की पदस्थापना स्थलों का पुनर्निधारण के फलस्वरूप वरिष्ठ प्रवर्तन पर्यवेक्षक एवं प्रवर्तन सिपाहियों के विकल्प के सम्बन्ध में।

उपरोक्त विषयक अवगत कराना है इस कार्यालय के पत्र संख्या–1749/अधि0/दो–279/2021–22 दिनांक 13–05–2022 के द्वारा परिवहन आयुक्त संगठन, उत्तराखण्ड के अन्तर्गत वरिष्ठ प्रवर्तन पर्यवेक्षक के नवसृजित पदों के नेतृत्व में दुपहिया वाहन आधारित प्रवर्तन दलों की पदस्थापना की गयी थी। वर्तमान में कार्यालयादेश संख्या–12662/अधि0/दो–279/2023 दिनांक 04–01–2023 के द्वारा यातायात दबाव एवं सड़क दुर्घटना सम्बन्धी संवेदनशीलता के आलोक में दुपहिया वाहन आधारित प्रवर्तन दलों की पदस्थापना स्थलों का पुनर्निधारण किया गया है। **(प्रति संलग्न)**

2. अवगत कराना है कि परिवहन आयुक्त संगठन, उत्तराखण्ड के अन्तर्गत कार्यरत वरिष्ठ प्रवर्तन पर्यवेक्षक एवं प्रवर्तन सिपाहियों से अनिवार्य स्थानान्तरण हेतु विकल्प पूर्व पदस्थापना के आधार पर मांगे गये थे, परन्तु वर्तमान में वरिष्ठ प्रवर्तन पर्यवेक्षक एवं प्रवर्तन सिपाहियों की पदस्थापना स्थलों का पुनर्निधारण होने के दृष्टिगत सम्बन्धित कार्मिकों की तैनाती किये जाने हेतु विकल्प प्राप्त किये जाने आवश्यक हैं।

अतः उपरोक्त के दृष्टिगत प्रवर्तन सिपाहियों की संशोधित रिक्तियों का विवरण सम्बन्धी संशोधित सूची विभागीय वैबसाइट पर प्रदर्शित करते हुए आपको निर्देशित किया जाता है कि आपके अधीनस्थ कार्यालयों में तैनात समस्त वरिष्ठ प्रवर्तन पर्यवेक्षकों एवं प्रवर्तन सिपाहियों (सुगम/दुर्गम क्षेत्रों में स्थानान्तरण हेतु पात्र) से विकल्प प्राप्त करते हुये दिनांक 07–01–2023 की सांय 05:00 बजे तक ई–मेल uktcoga@gmail.com पर अनिवार्य रूप से इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले विकल्प प्रपत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

संलग्नः–यथोक्त।

(सनत कुमार सिंह)
संयुक्त परिवहन आयुक्त,
उत्तराखण्ड।